भारत – सेंट लूसिया संबंध

भारत और सेंट लूसिया के बीच संबंध मधुर एवं मैत्रीपूर्ण हैं। भारत के प्रधानमंत्री ने 25 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान अतिरिक्त समय में सेंट लूसिया के प्रधानमंत्री डा. केन्नी डी एंथोनी से मुलाकात की तथा आपसी हित के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।

सेंट लूसिया सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा, संस्कृति, खेल एवं तकनीकी सहयोग के क्षेत्रों में भारत के साथ एक द्विपक्षीय करार पर हस्ताक्षर करने में रूचि व्यक्त की है।

आईटीईसी कार्यक्रम के अंतर्गत, वर्ष 2015-16 के लिए 15 छात्रवृत्तियां आवंटित की गई हैं।

भारत और सेंट लूसिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार :

सेंट लूसिया को निर्यात

2011 – 12	1.32 मियिलन अमरीकी डालर
2012 – 13	1.03 मियिलन अमरीकी डालर
2013 – 14	2.28 मियिलन अमरीकी डालर (वृद्धि 121.21 प्रतिशत)
2014 – 15	2.13 मियिलन अमरीकी डालर
2015 – -16 (सितंबर, 2015 तक)	0.96 मियिलन अमरीकी डालर

भारतीय निर्यातों में वाहन, औषधियां, लौह एवं इस्पात और वस्त्र शामिल हैं।

सेंट लूसिया से आयात

2011 – 12	0.47 मियिलन अमरीकी डालर
2012 – 13	0.41 मियिलन अमरीकी डालर
2013 – 14	0.50 मियिलन अमरीकी डालर
2014 – 15	0.14 मियिलन अमरीकी डालर
2015 – -16 (सितंबर, 2015 तक)	0.25 मियिलन अमरीकी डालर

भारतीय आयातों में एल्यूमिनियम और आयरन स्क्रैप शामिल हैं।

भारतीय समुदाय

सेंट लूसिया में लगभग 250 भारतीय (जिसमें परिवार शामिल हैं) रहते हैं तथा डॉक्टर, पेशेवर के रूप में काम कर रहे हैं तथा कुछ कारोबारी आयात, ट्रेडिंग करते हैं एवं ड्यूटी फ्री शॉप चलाते हैं। भारत मूल के लगभग 5000 व्यक्ति ऐसे हैं जो संविदा श्रम के रूप में 19वीं शताब्दी में सेंट लूसिया आए थे। तथापि, उनमें से अधिकतर स्थानीय आबादी के साथ घुल-मिल गए हैं।

उपयोगी संसाधन :

भारतीय दूतावास, पैरामारिबो की वेबसाइट :
http://indembassysuriname.com
भारतीय दूतावास, पैरामारिबो का फेसबुक पेज :
https://www.facebook.com/IndiaInSuriname?fref=ts
भारतीय दूतावास, पैरामारिबो ट्विटर लिंक :
@IndEmbSur

*****

जनवरी, 2016